प्रेस नोट

दिनांक : 25 नवम्बर, 2019

पाकिस्तानी हैण्डलरों के द्वारा भारतीय नागरिकों को ठगकर पाकिस्तानी व्यक्तियों को पैसा भेजने वाले दो अभियुक्तों की गिरफ़्तारी

उत्तर प्रदेश एटीएस को आसूचना प्राप्त हुई थी कि भारत का एक व्यक्ति प्रकाश पाकिस्तान के मामू, नज़ीर एवं असग़र नाम के व्यक्तियों के संपर्क में है, जो भारत में फर्जी लॉटरी की गतिविधियों में संलिप्त हैं | इस आसूचना को यू0पी0 एटीएस नॉएडा यूनिट द्वारा विकसित किया गया |

जय प्रकाश

आज दिनांक 25 -11-2019 को नॉएडा यूनिट द्वारा प्रकाश उर्फ़ जयप्रकाश रुहेला पुत्र स्व. बबली उर्फ़ सतीश निवासी मोहल्ला- रामशाला , शामली, थाना शामली, उ.प्र. हाल पता- Block-I, फ़्लैट न.- 602, क्लासिक रेजीडेंसी, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद एवं धीरुद्दीन चौधरी पुत्र मलखान चौधरी निवासी म.न.- 911, गावं - खरड, मुजफ्फरनगर उ.प्र. हाल पता- म.न.- 944, पसोंडा, थाना साहिबाबाद गाजियाबाद उ.प्र. को मोहन नगर गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया | इस सम्बन्ध में थाना एटीएस लखनऊ पर मुक़दमा अपराध संख्या 7/19 धारा 420,467,468,471 IPC पंजीकृत किया गया।

धीरूद्दीन

प्रारम्भिक पूछताछ से जय प्रकाश का 10 पाकिस्तानी हैण्डलरों से लगातार संपर्क तथा लॉटरी फ्रॉड का पैसा उनके निर्देश पर भेजने की पुष्टि हुई है । इसके अतिरिक्त बिहार छत्तीसगढ़ तथा कलकत्ता में पाकिस्तानी हैण्डलारो के इशारे पर काम करने वाले लोगो के नाम प्रकाश में आये हैं। अभी तक केवल 12 बैंक खातो का विवरण उपलब्ध हो पाया है जिनमे पिछले डेढ़ माह में 15 लाख से अधिक पैसे लॉटरी फ्रोड से अर्जित कर पाकिस्तानी हैण्डलरो को भेजे गये हैं । अभी बड़ी संख्या में प्राप्त बैंक अकाउंट का विवरण आना शेष है । इसके अतिरिक्त मोबाइल फ़ोन में संचित बैंक जमा पर्चियों से 20 लाख से अधिक धनराशि पाकिस्तानी हैण्डलरों के निर्देश पर उन्हें भेजे जाने की पुष्टि हुई है |

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त जय प्रकाश वर्ष 2013 में भी लाटरी फ्रॉड में ही रुड़की कोतवाली , उत्तराखंड से जेल जा चुका है तथा धीरुद्दीन तीन मुकदमों में जेल जा चुका है | जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना के गाँव लाक में धारा 396 IPC, थाना लस्कर रूडकी से टायर लूट में तथा बागपत में हत्या के मामले में जेल गया था। इन अभियोगों का विवरण प्राप्त किया जा रहा है | पूछताछ जारी है।

<u>बरामदगी-</u>

1. **एटीएम कार्ड 32 अदद**
    - पंजाब नेशनल बैंक -09
    - ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स – 04
    - सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया – 02
    - केनरा बैंक – 02
    - बैंक ऑफ महाराष्ट्रा -02
    - यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया -02
    - पंजाब एंड सिंध बैंक – 02
    - बैंक ऑफ बड़ोदा – 05
    - आंध्रा बैंक -02
    - आईसीआईसीआई बैंक - 01
    - इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक - 01

2. **बैंक पासबुक-**
    - पंजाब नेशनल बैंक -01
    - कार्पोरेशन बैंक – 01
    - स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया – 01
    - बैंक ऑफ इण्डिया – 01
    - यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया – 01
3. **बैंक चेकबुक**
    - यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया – 01
    - कार्पोरेशन बैंक – 01
    - आईसीआईसीआई बैंक - 01
4. 04 अदद मोबाइल,
5. 01 अदद SAMSUNG TAB
6. 01 अदद स्कूटी

<u>अग्रिम पूछताछ के बिन्दु-</u>

1. लॉटरी फ्रॉड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की जानकारी करना।
2. लॉटरी फ्रॉड का पैसा टेरर फंडिंग में प्रयोग तो नहीं हो रहा है, का पता लगाना।
3. लॉटरी फ्रॉड में ठगे गये पीड़ितों का पता लगाना।
4. भारी मात्रा में मिले बैंक अकाउंट का विवरण प्राप्त कर विश्लेषण करना।